विधायक आवासों को लेकर हुई बैठक में बड़ा निर्णय

आवासों की जमीनों का निस्तारण भी अब हाउसिंग बोर्ड के जिम्मे

जालुपूरा और लालकोठी स्थित विधायक आवासों की ज़मीनों का मालिकाना हक हाउसिंग बोर्ड को मिलेगा

जयपुर| विधायक आवास प्रोजेक्ट के संबंध शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष के आवास पर हुई बैठक में बड़ा निर्णय लिया गया है। अब विधायकों के आवास बनाने के लिए जेडीए की जगह हाउसिंग को ही नोडल एजेंसी बनाया गया है। हाउसिंग बोर्ड कमिशनर पवन अरोड़ा ने बताया कि अब लालकोठी और जालुपूरा की मौजूदा विधायक आवास की जमीनों का निस्तारण भी हाउसिंग बोर्ड ही करेगा। हाउसिंग बोर्ड की मांग पर लालकोठी एवं जालुपूरा स्थित विधायक आवासों की जमीन का मालिकाना हक हाउसिंग बोर्ड के नाम दर्ज किया जाएगा। प्रोजेक्ट के लिए जो कॉन्सेप्ट प्लान तैयार किया गया है, उसका प्रिजेंटेशन 15 दिन में गठित समिति के समक्ष होगा।

कमिशनर अरोड़ा ने बताया कि शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी के निवास पर विधायक आवासों के निर्माण के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल, बोर्ड अध्यक्ष भास्कर ए. सांवत, विधानसभा सचिव प्रमिल कुमार माथुर, जेडीए कमिशनर टी.रविकांत, हाउसिंग बोर्ड के मुख्य अभियंता के.सी.मीणा और जेडीए के निदेशक अभियांत्रिकी द्वितीय विरेन्द्र कुमार सुंडा उपस्थित थे।

सम्पत्तियों का निस्तारण कर धनराशि जुटाएगा बोर्ड

बोर्ड ही इन सम्पत्तियों की प्लानिंग करके विक्रय करेगा। साथ ही इस प्रोजेक्ट के लिए जो धन राशि खर्च होगी, उसकी व्यय हाउसिंग बोर्ड द्वारा अपने स्तर पर किया जाएगा।

रियायती दर फ्लैट क्रय करने का प्रस्ताव देगा बोर्ड

जालुपूरा और लालकोठी में रह रहे विधायकों को हाउसिंग बोर्ड सरस्वती, द्वारका टिव्न्स एवं व्यास अपार्टमेंट में रियायती दर पर फ्लैट प्रस्ताव दिया जाएगा।

जमीन का अधिकार मिलने से जल्द पूरा होगा प्रोजेक्ट

हाउसिंग बोर्ड को जालुपूरा और लालकोठी के विधायक आवासों की जमीन का अधिकार मिलने पर यह प्रोजेक्ट जल्द पूरा हो जाएगा।